मंगलवार, 22 नवंबर, 2022
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14
www.jagran.com

दैनिक जागरण



प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित

पैसे देकर फर्जी रिव्यू नहीं करा पाएंगी ई-कामर्स कंपनियां 11
हमारी औकात केवल सेवा करने की : मोदी 1



# डीपीएस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, जीते पुरस्कार

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) आसनसोल के वार्षिकोत्सव पर रविवार देर रात तक भव्य कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का जमकर प्रदर्शन किया। इसके अंतर्गत कई स्पर्धाएं आयोजित की गई। रमेश गोयनका मेमोरियल टैलेंट हंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अभिनेत्री देबाश्री राय ने समारोह का शुभारंभ किया।



दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंची अभिनेत्री देबाश्री राय का स्वागत करते प्रतीक गोयनका व प्रधानाचार्य आरडी शर्मा • जागरण

चित्रांकन के ग्रुप ए में सार्थक मंडल, याशवी अग्रवाल व नायरा गोयनका, ग्रुप बी की आराध्या दत्ता, अंकित राज व आद्रिजा सेन, ग्रुप सी में ऐशिकी भट्टाचार्य, सौम्य बैनर्जी व नवनीता मंडल पहले तीन स्थानों पर रहें। गायन में ग्रुप ए में अन्वेषा साहा, जिथिशा राय व अनुराग मंडल, ग्रुप बी में वैभव बनर्जी, अरित्रिका कोनर व रिद्धिमा सान्याल, ग्रुप सी में आर्यामिता राय, अर्नबी डे व अरीन बनर्जी पहले तीन स्थान हासिल किए। नृत्य कौशल में ग्रुप ए में रंजान्या घोष, ईशान साधु व वेदांतिका दास, ग्रुप बी में अस्मिता हालदार, रिमझिम चंद व मुक्ता सिंह, ग्रुप सी में प्रियम बनर्जी, पौलमी देव व ईशानी सेनगुप्ता श्रेष्ठ रहीं।

पहले तीन स्थान पर रहने वालों को क्रमशः 5000, 4000 और 3000 रुपये के साथ ट्राफी व प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही प्रत्येक वर्ग में दस-दस को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में डीपीएस की संरक्षिका मंजू गोयनका ने कहा कि उनके पति रमेश गोयनका का शिक्षा व समाज हित में अमिट योगदान रहा है। उनका मानना था कि प्रत्येक बच्चों में प्रतिभाएं छिपी रहती है। इन्हीं प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए ऐसी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो-वाइस चेयरपर्सन प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा उपस्थित थे।